# पैसेज अभ्यास (PASSEX) 2025

[स्रोत: द हिंदू](#)

भारतीय **नौसेना और यूके रॉयल** नेवी ने **उत्तरी अरब सागर में एक पैसेज अभ्यास (PASSEX)** का आयोजन किया।

## पैसेज अभ्यास (PASSEX)

- **PASSEX:** PASSEX उन संयुक्त नौसैनिक अभ्यासों को कहा जाता है जो मित्र देशों की नौसेनाओं के बीच तब किये जाते हैं जब उनके अभियानों का मार्ग एक-दूसरे से मिलता है। इसका उद्देश्य **समुद्र में पारस्परिक संचालन क्षमता, संचार और रणनीतिक सहयोग** को मज़बूत करना होता है।
    - इसका **उद्देश्य सामरिक युद्धाभ्यास, समुद्री क्षेत्र** जागरूकता को बढ़ाना तथा हिंद-प्रशांत समुद्री सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करना है।
- **प्रमुख विशेषताएँ: हेलीकॉप्टर नियंत्रण अभ्यास, बेड़े का संचालन, संयुक्त ASW संचालन, अधिकारियों का आदान-प्रदान, वास्तविक समय डेटा साझाकरण** तथा निर्बाध समन्वय के लिये संचार प्रोटोकॉल परीक्षण।
    - भारत के **बेड़े में स्टील्थ फ्रिगेट INS तबर,** एक पारंपरिक पनडुब्बी और **P-8I लंबी दूरी** का समुद्री विमान शामिल हैं।
- **व्यापक दृष्टिकोण:** यह भारत-यूके **व्यापक रणनीतिक साझेदारी और भारत-यूके 2030 रोडमैप** के अनुरूप है, साथ ही यह भारत के **SAGAR** दृष्टिकोण (क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा और विकास) एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक उपस्थिति का भी समर्थन करता है।


## INS तबर:

- यह रूस में **अप्रैल 2004** में शामिल किया गया **तलवार श्रेणी** का तीसरा स्टील्थ फ्रिगेट तथा **ब्रह्मोस मिसाइल** ले जाने वाला पहला युद्धपोत है।
- पश्चिमी बेड़े के साथ मुंबई में तैनात यह जहाज़ वायु, सतह और जलतल (सब-सर्फेस) अभियानों के लिये सुसज्जित है। यह **स्वतंत्र रूप से या किसी नौसैनिक कार्यबल** के हिस्से के रूप में संचालित हो सकता है, और इसमें **बराक-1** जैसे उन्नत हथियार तथा आधुनिक सेंसर लगे हुए हैं।

## P-8:

- **P-8I** एक **लंबी दूरी** का समुद्री गश्ती और पनडुब्बी रोधी विमान है, जिसे **अमेरिकी बोइंग ने भारत के लिये विकसित** किया है।
- **1,200 समुद्री मील** से अधिक की रेंज और **907 किलोमीटर प्रति घंटे** की गति के साथ, यह भारतीय तटों से दूर खतरों का पता लगाकर उन्हें **निष्क्रिय कर सकता** है, जिससे समुद्री सुरक्षा को मज़बूती मिलती है।

**और पढ़ें:** भारत के प्रमुख सैन्य अभ्यास




PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/passage-exercise-passex-2025